एमएमएमयूटी में 'रोबो फाइट' शुरू

वीसी ने किया रोबोमेनिया का उद्घाटन, कई इंजीनियरिंग कॉलेज ले रहे हिस्सा

एमएमएमयूटी में शुक्रवार से रोबोमेनिया-2017 की शुरुआत हुई। इसमें प्रदेश के कई इंजीनियरिंग कॉलेजों के विद्यार्थी अपने रोबोटिक ज्ञान का प्रदर्शन कर रहे हैं।

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर।

मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) के रोबोटिक क्लब की ओर से आयोजित तीन दिवसीय रोबोमेनिया की शुरुआत शुक्रवार को हो गई। इसमें प्रदेश की विभिन्न इंजीनियरिंग कॉलेजों के रोबोटिक क्लब की टीमें भाग ले रही हैं।

शुक्रवार को रोबोमेनिया का उद्घाटन कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने किया। पिछले कई वर्षों से इसके सफल आयोजन के लिए उन्होंने शिक्षकों और छात्रों को बधाई दी। कहा कि यह एक ऐसा मंच है, जिसके माध्यम से कंप्यूटर साइंस के विद्यार्थी न सिर्फ अपनी सृजनशीलता प्रदर्शित कर सकते हैं बल्कि 'रोबोटिक संसार' में अपनी दक्षता भी साबित कर सकते हैं। उद्घाटन के बाद शुरू हुए रोबोटिक मुकाबले में रोबोवार, टर्निंग, इलेक्ट्रो टेकेन, लेजर स्ट्राइक, सरलॉक्ड, इलेक्ट्रो एनएफएस, इलेक्ट्रॉनिक्स चेस, सर्किट विजार्ड, इलेक्ट्रानिक आर्ट्स, बम डिफ्यूजन, रिफ्लेक्स, इनफार्मल्स आदि कार्यक्रम आयोजित हुए। तकनीक के इन रोमांचक मुकाबलों को लोग सांसे थामें देखते नजर आए। रोबोवार के दौरान आयोजन स्थल तालियों से गूंज उठा। लोगों ने प्रतिभागियों की प्रतिभा की सराहना की और तालियों से उनका हौसला बढ़ाया। रोबोटिक क्लब के अध्यक्ष अक्षय गुप्ता ने बताया कि गोरखपुर से आईटीएम गीडा, बीआईटी गीडा के अलावा आईईटी लखनऊ, एचबीटीआई कानपुर, बीआईटी झांसी के अलावा विभिन्न एनआईटी के करीब 1500 से 2000 विद्यार्थी शामिल हुए हैं।

कई शहरों से आए विद्यार्थी 'रोबोटिक संसार' में साबित करेंगे दक्षता